आमजन के सहयोग से कोरबा बनेगा क्लीन सिटी—महापौर

(वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में डस्टबिनों का वितरण किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने)

कोरबा 13 सितम्बर 2017 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि आमजन के सहयोग से मिशन क्लीन सिटी का सपना साकार होगा तथा हमारा कोरबा शहर क्लीन सिटी बनेगा। उन्होने कहा कि हमारी माताएं—बहनें एवं आमनागरिकबंधु आज साफ—सफाई के प्रति जागरूक हो चुके हैं, अपने घर—द्वार एवं आसपास की सफाई के प्रति सजग रहते हैं, साफ—सफाई की व्यवस्था में जो व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं उसमें आमनागरिकबंधुओं का बहुत बड़ा सहयोग एवं सहभागिता है।

उक्त बातें आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में आयोजित डस्टबिन वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा घर—घर में हरे एवं नीले डस्टबिन उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जा रहा है, इसी कड़ी में आज निगम के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस बस्ती में डस्टबिन वितरण का कार्यक्रम रखा गया था, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए नागरिकों को हरे एवं नीले रंग के डस्टबिनों का वितरण किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने उपस्थितजनों से आग्रह करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए सूखे एवं गीले कचरे को अलग—अलग डस्टबिनों में एकत्रित करके रखे तथा डोर—टू—डोर कचरा संग्रहण करने आने वाले सफाईमित्र के रिक्शे में ही उक्त कचरे को अलग—अलग डाले ताकि कचरे का उचित समापन सुगमता पूर्वक किया जा सके।

<u>डस्टबिनों का वितरण एक अच्छी पहल</u>— इस अवसर पर कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि यह प्रसन्नता का विषय है कि निगम द्वारा घर—घर में सूखे व गीले कचरे के लिए हरे व नीले रंग के डस्टबिन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, घरों में डस्टबिन उपलब्ध रहने से घरों से निकले हुए कचरे के संग्रहण की उचित व्यवस्था सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होने बस्तीवासियों से आग्रह किया कि इन डस्टबिनों का उपयोग कचरे के संग्रहण में ही करें, घरों से निकला हुआ कचरा सड़क या सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके, आप सबके सहयोग से निगम की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी तथा हमारा कोरबा शहर स्वच्छ शहर का स्वरूप धारण करेगा।

<u>कोरबा को हो रहा तेजी से विकास</u>— कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विधायक श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास किया जा रहा है, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम की कमान अपने हाथ में लेते ही सर्वप्रथम वार्डो का दौरा कर वहां की समस्याएं जानी, लोगों से उनकी आवश्यकताएं पूछी तथा आमजन की मंशा के अनुरूप एक सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाई, साथ ही मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा, मुझे खुशी है कि महापौर द्वारा योजनाबद्ध ढंग से कराए जा रहे विकास कार्यो की बदौलत कोरबा शहर का तीव्र गति से विकास हो रहा है, लोगों की समस्याएं दूर हो रही हैं तथा सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। उन्होने कहा कि आज लगभग सभी बस्ती, मोहल्ले में सड़क, नाली, पानी, बिजली से संबंधित कार्य कराए गए हैं या प्रगति पर है, निश्चित रूप से कोरबा विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, मुझे विश्वास है कि आगे आने वाले समय में लगभग हर छोटी—बड़ी समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, सीताराम चौहान, पार्षद रामगोपाल यादव एवं प्रदीप राय, वरिष्ठ नेत्री कुसुम द्विवेदी, शाहिदा कुरैशी, संतोष लांझेकर, कन्हैया सोनी, एस.मूर्ति, हरीश राव, ललित ठाकुर, नारायण चौहान, प्रमोद चौहान, मनहरण आदित्य, सूरज पाण्डेय, किरन चौहान, दिव्या चौहान, भगवती यादव, विद्या चौहान, कौशिल्या श्रीवास, रामकुमारी साहू, शीतला मसीह, मीना कहरा आदि के साथ काफी संख्या में अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।